एक नजर में

कलेक्टोरेट में सामूहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन

नीमच। कलेक्टर कार्यालय नीमच में सोमवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन, म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन एडीएम बी.एस.कलेश एवं जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ।इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात जून माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धार्वे सहित कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

नीमच। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, चीताखेडा मेन रोड नीमच द्वारा 9 जून से कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण एवं 10 जून 2026 से प्लंबिंग एंड सेनेटरी वर्क्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है 7 जिसके रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके है प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा 7 इस प्रशिक्षण का लाभ जिले की ग्रामीण अंचल के युवक / युवतियां, जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो को मिलेगा 7 इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी ।ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नीमच द्वारा 6 जून 2026 से कृषि उद्यमी प्रशिक्षण (डेयरी फार्मिंग x वर्मी कम्पोस्ट एवं कृषि) का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है ।प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा 7 इस प्रशिक्षण का लाभ केवल ग्रामीण अंचल की युवक / युवतियां जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो को मिलेगा 7 इस 13 दिवसीय प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी ।प्रशिक्षण में पशु चिकित्सालय, कृषि, बागवानी एवं अन्य विभागो से प्रतिदिन अलग-अलग अनुभवी वैज्ञानिकों / अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियां एवं समस्याओं का समाधान भी इस प्रशिक्षण में किया जायेगा।

महेश वर्मा अनुसूचित जाति कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

अठाना। कांग्रेस संगठन को बूथ एवं ग्रामीण स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों का क्रम जारी है।इसी कड़ी में मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने नीमच जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष राकेश जावरिया ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी चार पृष्ठों की सूची में 11 ब्लॉक अध्यक्षों सहित कुल 50 पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें जावद ब्लाक अध्यक्ष महेश वर्मा अठाना को बनाया है। महेश वर्मा पूर्व में अध्यक्ष कांग्रेस मंडलम अठाना भी रहे हैं। जनसेवा के कार्यो के साथ अभि गंगापुत्र रैगर महासंघ मध्यप्रान्त के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भी है। सक्रिय, निष्ठावान एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है।

फोर जीरो चौराहा हादसा : मध्य प्रदेश शासन लिखी कार स्विमिंग पूल परिसर से जब्त

नीमच। शहर के प्रमुख फोर जीरो चौराहे पर अल सुबह स्कूटी सवार बुजुर्ग महिला को टक्कर मारने वाली कार को लेकर सोमवार को एक बड़ा और चौंकाने वाला अपडेट सामने आया है। केंट पुलिस ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी कैमरों की कड़ियां जोड़ते हुए दुर्घटना में शामिल सेंट्रो कार को लावारिस हालत में जब्त कर लिया है। हालांकि, हादसे को अंजाम देने वाला रसूखदार चालक अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब जब्त की गई कार पर मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ मिला, जिसके बाद से ही प्रशासनिक और सियासी हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।

स्विमिंग पूल के पास छुपाकर भागा था शासकीय बोर्ड लगी कार

केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि शनिवार को हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद से ही पुलिस की टीमें आरोपी वाहन की तलाश में जुटी थीं। शहर के विभिन्न चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आखिरकार पुलिस कार तक पहुंच गई। पुलिस ने सेंट्रो कार (क्रमांक एमपी 44 सीए 2510) को नगरपालिका स्विमिंग पूल परिसर के पास से लावारिस हालत में बरामद किया है।

परिवहन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, यह कार राजेंद्र कुमार यादव के नाम पर पंजीकृत है। कार के पीछे बड़े अक्षरों में मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ है, जिससे साफ है कि वाहन या तो किसी सरकारी विभाग से संबद्ध है या फिर किसी शासकीय कर्मचारी का है। माना जा रहा है कि पकड़े जाने के डर से चालक कार को स्विमिंग पूल परिसर में छुपाकर फरार हो गया।

मंदिर जा रही बुजुर्ग महिला को मारी थी टक्कर, आए 4 फ्रैक्चर

यह पूरी घटना शनिवार सुबह करीब 6 बजे की है। शिक्षक कॉलोनी की रहने वाली अनीता छाजेड़ रोजाना की तरह सुबह स्कूटी से मंदिर दर्शन के लिए निकली थीं। जैसे ही वे फोर जीरो चौराहा क्रॉस कर रही थीं, तभी विजय टॉकीज की तरफ से फव्वारा चौक की ओर जा रही तेज रफ्तार सेंट्रो कार के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से महिला वाहन सहित सड़क पर दूर जा गिरीं।

कार चालक मदद करने के बजाय मौके से रफूचक्कर

दुर्घटना में दोनों पक्ष की गलती को लेकर भी शहर में विभिन्न तरह की चर्चाएँ हैं। लेकिन बड़ी बात यह है कि हादसे के बाद कार चालक ने इंसानियत को शर्मसार किया और गंभीर रूप से घायल महिला की मदद करने के बजाय गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर मौके से रफूचक्कर हो गया। परिजनों के मुताबिक, इस दुर्घटना में महिला के हाथ और कंधे में चार गंभीर फ्रैक्चर आए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सीसीटीवी में कैद हुई थी लाइव टक्कर, जनता में भारी आक्रोश

हादसे का लाइव वीडियो चौराहे के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोपी चालक की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। मध्य प्रदेश शासन लिखी कार होने के कारण लोगों में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि क्या किसी रसूख के चलते चालक को बचाने का प्रयास किया जा रहा है केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने स्पष्ट किया है कि गाड़ी जब्त की जा चुकी है और चालक की तलाश की जा रही है। आरोपी चालक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को सलाखों के पीछे भेजकर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

पुस्तक बाजार में दिनदहाड़े स्कूटी चोरी

नीमच। शहर के व्यस्त पुस्तक बाजार में दिनदहाड़े एक स्कूटी चोरी हो गई। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित अमन मित्तल, जो नीमच के निवासी हैं, ने बताया कि रविवार को वे पुस्तक बाजार स्थित अपनी दुकान 'संतोष टेंट हाउस' पर आए थे। उन्होंने अपनी सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी (एमपी 44 ईमेल 7969) को बजाज बिल्डिंग के सामने दुकान के बाहर लॉक करके पार्क किया था। कुछ देर बाद जब वे दुकान से बाहर आए तो उनकी स्कूटी गायब मिली।

मित्तल ने तुरंत आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की और काफी खोजबीन की, लेकिन स्कूटी का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद जब पास में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तो उसमें एक संदिग्ध

युवक स्कूटी चुराकर तेजी से ले जाता हुआ साफ दिखाई दिया। यह सीसीटीवी वीडियो सोमवार को सामने आया। अमन मित्तल ने कैंट थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर गाड़ी बरामद करने और चोर को जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

एक नजर — रतनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

40 किलो डोडाचूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार, वेन्यू कार और मोबाइल जब्त

नीमच। जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतनगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया है।

साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक हुंडई वेन्यू कार और एक एप्पल आईफोन भी जब्त किया गया है।पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत रतलाम रेंज डीआईजी, नीमच पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में रतनगढ़ थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान 31 मई 2026 को वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम मानपुरा फंटे पर पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखा गया 40 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी कमलेश गुर्जर (23 वर्ष) निवासी ग्राम सिडियास, थाना माण्डल, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं तस्करी में प्रयुक्त काले रंग की हुंडई वेन्यू कार (आरजे 06 सीजी 9814) की कीमत लगभग 9 लाख रुपये तथा एप्पल आईफोन की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर डोडाचूरा तस्करी के नेटवर्क, सप्लायर और अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भूरालाल भावर और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लगातार हो रही कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

मंदसौर

एक नजर में

राहगीरों और स्कूली बच्चों को मिलेगी राहत : 'पंछी बचाओ अभियान' और 'सेवा बैंक' के तत्वावधान में जल मंदिर का शुभारंभ

मंदसौर। भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों, यात्रियों और स्कूली बच्चों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक और सराहनीय कदम उठाया गया है। पंछी बचाओ अभियान और 'सेवा बैंक के संयुक्त तत्वाधान में जोशी परिवार द्वारा उत्कर्ष स्कूल रोड पर एक जनहितैषी जल मंदिर (प्याऊ) का भव्य शुभारंभ किया गया। यह जल मंदिर स्वर्गीय माधवचंद जी जोशी, स्वर्गीय श्रीमती भगवती जोशी एवं स्वर्गीय दिलीप जी जोशी की पावन स्मृति में स्थापित किया गया है। उत्कर्ष स्कूल रोड पर इस जल मंदिर की स्थापना होने से यहाँ से गुजरने वाले राहगीरों, रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाले मुसाफिरों और विशेषकर स्कूली बच्चों को भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस प्याऊ के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष है। इस सेवा कार्य का शुभारंभ श्री सुनील बंसल के गरिमामयी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक और सेवाभावी संस्थाओं से जुड़े कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में 'पंछी बचाओ अभियान' के राकेश भाटी, बालकृष्ण दवे, श्रीमती अर्चना दवे, जनता होटल के कालू राम, हेमा गहलोत, राजेश रत्नावत, और नीलिमा जोशी सहित 'सेवा बैंक' व अभियान के अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। सभी उपस्थित जनों ने जोशी परिवार की इस अनुपम पहल की सराहना की।

समय पर वेतन भुगतान एवं अनुचित कटौती के विरोध में आशा एवं पर्यवेक्षक का 3 जून को प्रदर्शन

मन्दसौर। प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आशा एवं आशा पर्यवेक्षक स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख मैदानी कार्यकर्ता के रूप में नियमित रूप से कार्य करती है। लेकिन विभाग द्वारा इन आशा एवं आशा पर्यवक्षकों के वेतन (प्रोत्साहन राशि) का नियमित रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा है एवं दी जा रही प्रोत्साहन राशि में अनुचित कटोत्रा किया जा रहा है। किसी जिले में अगस्त 2025 से अधूरा भुगतान किया जा रहा है, जबकि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में फरवरी 2026 से भुगतान नहीं किया जा रहा है या अधूरा भुगतान किया जा रहा है।उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदसौर जिले की अध्यक्ष माधुरी सोलंकी, उपाध्यक्षद्वय संगीता चौहान नारायणगढ़,कोमल जैन शामगढ़, महासचिव हुर बानो ने बताया कि वेतन में से केन्द्र या राज्य के एक हिस्से का भुगतान कर अधिकारीयों द्वारा यह कहा जाता रहा है कि आपका भुगतान पूरा हो गया है, और कोई राशि बकाया नहीं है। इस तरह विभाग या विभागीय अधिकारियों द्वारा हजारों आशा एवं पर्यवेक्षकों के वेतन से हजारों रुपये अनुचित रूप से काटा जा रहा है। केन्द्र या राज्य में से कोई एक हिस्से का भुगतान कर अधिकारियों के द्वारा यह कहा जा रहा है कि आपका जनवरी व फरवरी माह का भुगतान हो गया है। भीषण गर्मी में फील्ड में जमीनी स्तर पर काम करने वाली इन महिला कर्मियों के साथ विभाग का यह व्यवहार अत्यंत चिंताजनक है। नेताओं ने कहा कि उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आशा एवं आशा पर्यवक्षकों का भुगतान की स्थिति बेहद दयनीय है। यूनियन के द्वारा लगातार मांग एवं कार्यवाहियों के चलते विभाग ने विभिन्न मौकों पर आदेश जारी कर प्रत्येक माह के पांच तारीख तक भुगतान करने का निर्देश दिया था। लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। अभी भी तीन-चार माह तक बिना किसी भुगतान किये आशा एवं पर्यवेक्षकों से काम कराया जा रहा था, जो कि अमानवीय है।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया

बसई /नाहरगढ। क्षत्रिय गुर्जर समाज हुआ संकल्पित। क्षत्रिय गुर्जर दिव्य ज्योति संगठन बैनर तले दिनांक 31/05/2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भड़केश्वर महादेव मंदिर प्रांगण गांव धानड़ी, बसई में किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात हुई तत्पश्चात संगठन द्वारा इंडियन आर्मी में वर्तमान में सलेक्ट युवाओं को सम्मानित किया गया साथ प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज के वरिष्ठ जनों का उद्बोधन रहा है जिसमें एडवोकेट मनोहर सिंह तंवर ने सामूहिक विवाह की पहल की तो पटवारी दशरथ सिंह ने कौशल विकास की, एग्जाम एकेडमी के संचालक नीलेश गुर्जर ने युवाओं को आर्मी की बारीकियों को समझाया संगठन कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह चंदेल सुवासरा ने युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया एवं सामाजिक कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने की ओर मंचासिन अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया वही संगठन अध्यक्ष राम सिंह सिसोदिया ने प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की पहल की, केबीसी ग्रुप चेयर मेन शिवराज सिंह उज्जैन ने समाज को व्यावसायिक क्षेत्र में भी उतरने की बात की, कोर कमेटी सदस्य शिवराज सिंह सिसोदिया, दशरथ सिंह सिसोदिया ने पुलिस विभाग में भर्ती होने की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया वही नागदा क्षेत्र से किसान संगठन के प्रदेश पदाधिकारी कवि देवी सिंह गुर्जर ने किसानों को अपनी बात प्रशासन के सम्मुख रखने के तरीके पर बात की साथ ही गोपाल सिंह दीवेल ने संगठन विस्तार पर चर्चा की, डाक्टर राम सिंह तंवर रफ़ूखखेड़ी ने भी अपने विचार रखें इस अवसर पर,

प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया, संगठन कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह चंदेल सुवासरा, संयोजक शिवराज सिंह तंवर कोर कमेटी सदस्य शिवराज सिंह (पुलिस) सेमली कांकड़, दशरथ सिंह पुलिस ढाबला महेश, गोपाल सिंह डिवेल, दिनेश सिंह चंदेल परमार खेड़ी, ईश्वर सिंह चौहान नागदा, जिला अध्यक्ष माधु सिंह तंवर ढाबला महेश भटकेश्वर महादेव समिति अध्यक्ष ठाकुर रतनसिंह पटेल, एडवोकेट रूगनाथ सिंह चंदेल सूर्य नगर, गोपाल सिंह बरूखेड़ा तूफान सिंह कन्याहेड़ा बद्री सिंह चंदेल वीरेंद्र सिंह भीकमपुर की रचनाओं के द्वारा समाज जन का हौसला अद्वितीय रहा।

इस कार्यक्रम को अटूट और मजबूत बनाने के लिए उज्जैन जिले के विभिन्न क्षेत्रों नागदा, खाचरोद, तहसील से, रतलाम जिले के आलोट, ताल , जावरा, चौमेला राजस्थान और मंदसौर जिले के सुवासरा शामगढ़ सीतामऊ, क्षेत्र से पधारे सभी क्षत्रिय गुर्जर सरदारों का उत्साह और मार्गदर्शन अकल्पनीय था।

दिए गए सभी के संदेशों ने आज पधारे युवाओं को आकर्षित किया और उनका मनोबल बढ़ाया संगठन का संचालन मोहन सिंह यादव गुर्जर चन्दोडिया के द्वारा किया गया।भड़केश्वर महादेव धाम पधारे सभी गुर्जर सरदारों ने समाज में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

मुख्यमंत्री के बयान पर शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

मंदसौर। सोमवार को मन्दसौर शहर एवं मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितु पटवारी के खिलाफ कथित रूप से अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में गाँधी चौराहा, मन्दसौर पर प्रदर्शन किया गया।

शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री की जुबान को धोकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशौरा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में मर्यादित एवं सम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव, मन्दसौर विधायक विपिन जैन सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि राजनीतिक संवाद में शालीनता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन किया जाना आवश्यक है तथा मुख्यमंत्री को अपने बयान के लिए प्रदेश की जनता एवं विपक्ष से क्षमा मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर मो हनीफ शेख, रफत पयामी,शैलेन्द्र गोस्वामी, कमलेश सोनी लाला, अशोक रैकवार, बल्लु चौहान, दुर्गेश पटेल,मनजीतसिंह टूटेजा, तरूण शर्मा, विजय सिसौदिया, सुनिल बसेर, मनोहर नाहटा, दीपक सिंह गुर्जर, वकार खान, विजय मारू, विजय जैन, युनुस मैव, कमल नकुम, राजु पाटीदार, संदीप सलोद, कैलाश कुमावत, डॉ चंद्रशेखर अहिरवार, दीपक दलोल, सुखदेव कुमावत, नितेश बसेर, मांगीलाल परमार, अशरफ अजमेरी, कमलेश जैन,अखिलेश शर्मा, हरीश पाटीदार,मुर्तजा घडियाली, , अजय सोनी, अजय मारू, रसुनिता माली, आसिफ छीपा, नम्रता सत्रावाला, वर्षा सांखला, रेखा परमार, सलमा बी, वसीम खान, कांतिलाल राठौर, नेहा जैन, सोनिया जैन, निहाल डागा, जितु बैरागी, आदर्श जोशी आदि थे।

एक नजर — संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का प्रकट एवं समापन समारोह का आयोजन

समाज को अपने अधिकारों से अधिक महत्व देश के प्रति देना होगा : डॉ. प्रकाश शास्त्री

मंदसौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का प्रकट एवं समापन समारोह का आयोजन दिनांक 31 मई 2026, रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में 28 जिलों के 215 स्थान से आये 297 शिक्षार्थियों ने सहभाग किया। शारीरिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समता, योग, आसान, घोष, दंड (लाठी) संचालन प्रयोगों का प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

प्रकटोत्सव स्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त कुशलताओ का प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवक आम लोगो के चेहरों पर आत्मविश्वास की अनुभूति करवा रहे थे। पूरे परिसर स्थल को रंगोली से सजाया गया था जहाँ बड़ी संख्या में समाज, मातृशक्ति, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

सर्वाधिकारी जिनेंद्र जैन, समाज सेवी मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. समरथमल जैनं, जिला संघचालक श्री दशरथसिंह झाला व मुख्य वक्ता मालवा प्रान्त संघचालक डॉ. श्री प्रकाश शास्त्री मंचासीन रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐं मुख्य अतिथि डॉ. समरथमल जैन ने कहा कि मन्दसौर की पुण्य भूमि पर राष्ट्र भक्ति का महासागर उमड़ पड़ा है। आज हमारे देश का भविष्य सुरक्षित है ऐसा सभी को विश्वास है। संघ 100 वर्षो से राष्ट्र प्रथम के मंत्र

को लेकर कार्य करता आ रहा है।

डॉ. श्री प्रकाश शास्त्री मुख्य वक्ता ने बौद्धिक देते हुए कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। किसी भी संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वह धूमधाम से मनाते है। परंतु संघ ऐसा कुछ नहीं करता है। संघ के शताब्दी वर्ष को समाज ने मनाया है। शताब्दी वर्ष में कई हिन्दू सम्मेलन हुऐं जिसमें लाखों हिन्दूओं ने सहभागिता की। 1925 में जब संघ की स्थापना हुई तब लोग अपने आप को हिन्दू कहने में भी घबराते थे आज हम कहतें हैं कि गर्व से कहों हम हिन्दू है। इस परिवर्तन की यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आयें है। वर्तमान में 80 हजार से ज्यादा दैनिक संघ की शाखाऐं लग रही है, करीब 40 देशों में संघ अपना कार्य कर रहा है। समाज के प्रत्येक क्षैत्र में जाकर कार्यकर्ताओं ने कार्य किया है। व्यवस्था परिवर्तन पर्याप्त नहीं है, समाज का मन परिवर्तन करना आवश्यक है। अच्छी सरकार या अच्छे नेता से समाज में परिवर्तन नहीं हो सकता ये सहायक हो सकते हैं। परिवर्तन तो समाज से ही होना है। वर्तमान समय में हम कर्तव्यों को भूल गये है। अधिकारों की बात करने से पहले कर्तव्यों पर ध्यान देना होगा। संघ के बारें में अनेक भ्रम समाज में फैलायें गये है। संघ को समझना है तो संघ के निकट आने की आवश्यकता है। निकट आकर अनुभव प्राप्त करना व अनुभव के आधार पर निर्णय समाज को करना है। संघ महत्वकांक्षी नहीं है पर समाज में बड़ा परिवर्तन लाना आवश्यक है। हिन्दू जीवन पद्धति को जीवन में उतारना आवश्यक है।

अगर राष्ट्र को बलशाली बनाना है तो समरस समाज बनाने की आवश्यकता है। यह समरस मजबूरी में नहीं होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को अनुशासित जीवन जीना होगा। प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन का दर्शन होना चाहियें। आज कुटुम्ब एक रहें तथा उनमें स्नेह का भाव रहें, इसकी महत्ती आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक में स्व का जागरण हो यह देश मेरा है, मेरी भाषा, पहनावा संस्कृति के अनुसार हो ऐसा भाव जागृत करने की आवश्यकता है।